# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश

जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्याः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2022 / 1908 दिनांकः 16-11-2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषयः संस्थानों में सत्र 2022–23 की काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त बची सीट्स को भरे जाने तथा आनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन कराये जाने के संबध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि काउंसलिंग समाप्ति के उपरान्त निजी संस्थाओं में रिक्त रह गयी सीट्स पर विश्वविद्यालय के एकेडमिक कैलेण्डर पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2022 / 1691, दिनांक 21.07.2022 के कम में पूर्व वर्ष की भाँति प्री--रजिस्ट्रेशन निम्नानुसार किया जाना है:--

| क.सं. | प्रकिया | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | आनॅलाइन पंजीयन की प्रारम्भ तिथि | 01 दिसम्बर, 2022 |
| 2. | आनॅलाइन पंजीयन की अन्तिम तिथि | 15 दिसम्बर, 2022 |

2. रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। संस्थान में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर https://aktu.ac.in सकिय (Activate) किया जा चुका है।

3. उक्त के अतिरिक्त संस्थान स्तर पर मैनेजमेन्ट कोटे से लिये गये छात्र / छात्राओं को पंजीकरण भी इसी पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में नामांकन प्रकिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

4. रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क पर्वू वर्ष की भाँति निम्नानुसार आन–लाइन भुगतान करना अनिवार्य होगा

UPTAC-2022/JEEMAINS-2022/NATA- 2022/NTA-2022 में सम्मिलित एवं कमांक धारक अभ्यर्थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के अभ्यर्थी | रू0 1000 / – |
| 2. | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी | रू0 500 / – |

1. प्रवेश के इच्छुक वे अभ्यर्थी जिन्होंने JEEMAINS-2022/NATA-2022/NTA-2022 की परीक्षा नहीं दी परन्तु प्रवेश के इच्छुक हैं एवं प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी के समस्त पुरूष अभ्यर्थी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के अभ्यर्थी | रू0 2300 / – |
| 2. | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं समस्त वर्ग की महिला अभ्यर्थी | रू0 1150 / – |

2.../–

Director
Hindustan College of
Science & Technology
FARAH (MATHURA)

**5. पंजीकरण हेतु निर्धारित प्रक्रिया निम्नानुसार हैः–**

1. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर https://aktu.ac.in पर जायें।
2. Website के मुख्य पेज पर पंजीकरण हेतु Link/Pop-up प्रदर्शित होगा।
3. लिंक पर क्लिक करते ही प्राथमिक पंजीकरण हेतु आवेदन का प्रारूप उपलब्ध हो जायेगा। अभ्यर्थी को वांछित सूचना, जिसमें योग्यता का विवरण पूर्ण करते हुए कोर्स का चयन करते हुए प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से पूर्ण करना होगा।
4. **कृपया ध्यान दें इस पेज पर दी हुई किसी भी जानकारी को अगले चरणों में संशोधित किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 व लेटरल इन्ट्री एवं उसकी योग्यता आदि का विवरण शामिल है।**
5. सूचना भरने के कम में अभ्यर्थी को अपने सम्पर्क विवरण की सूचना को मोबाइल ओ0टी0पी0 द्वारा सत्यापित कराना होगा। आगे की सभी सूचनायें इसी मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल आई0डी0 से सत्यापित होंगी।
6. ओ0टी0पी0 सत्यापित करने के पश्चात अभ्यर्थी को एक पंजीकरण संख्या उपलब्ध हो जायेगी, जिससे अभ्यर्थी अपने डैश–बोर्ड पर पहुँचेगा, जहाँ अभ्यर्थी को अपना शुल्क आनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थी को अपनी शेष बची **जानकारी व फोटोग्राफ एवं इस्ताक्षर अपलोड करना होगा।**
7. सभी चरण पूर्ण हो जाने के पश्चात अभ्यर्थी को पुनः अपने अपलोड किये गये डाटा को चेक करने का अवसर प्रदान किया गया है तत्पश्चात ही अभ्यर्थी को फाइनल सबमिट का बटन प्रदर्शित होगा, जिससे वह अपने पंजीकरण को फाइनल सबमिट कर सकेंगे और प्रिन्ट ले सकेंगे।
8. ध्यान रहे कि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण प्रिन्ट में क्यू–आर कोड अवश्य प्रदर्शित हो रहा हो।

**कृपया ध्यान देंः–** जिस पंजीकरण का भुगतान आनलाइन जमा नहीं होगा वह पंजीकरण मान्य नहीं होगा।

भवदीय

16/11/22

(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।
5. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव

Director
Hindustan College of
Science & Technology
FARAH (MATHURA)

# डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए०के०टी०यू० / कुस०का० / नामांकन / 2021 / 14278 दिनांक 14 दिसम्बर, 2021

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषय– शैक्षिक सत्र 2021–22 में प्री–रजिस्ट्रेशन किये गये छात्र / छात्राओं का नामांकन प्रक्रिया करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक के संबध मे अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2021–22 में काउन्सलिंग तथा प्री–रजिस्ट्रेशन के माध्यम से निर्धारित तिथि तक नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं के नामांकन प्रकिया निम्नवत तालिकानुसार सम्पादित की जायेगीः–

| कम संख्या | प्रक्रिया | प्रस्तावित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन फार्म की प्रारम्भ तिथि | 20.12.2021 |
| 2 | नामांकन फार्म की अन्तिम तिथि | 05.01.2022 |
| 3 | नामांकन फार्म का मूल प्रमाण पत्रों से सत्यापन की प्रारम्भ तिथि | 10.01.2022 |
| 4 | नामांकन फार्म का मूल प्रमाण पत्रों से सत्यापन की अन्तिम तिथि | 31.01.2022 |

सम्बन्धित छात्र / छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय के ई०आर०पी० पोर्टल पर नांमाकन हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता प्रमाण पत्रों को अपलोड तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा।

यहाँ विशेष रूप से उल्लेख करना है कि नामांकन की इस प्रकिया में आप अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो ले, कि छात्र–छात्राओं द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता जो प्रदेश शासन एंव प्राविधिक शिक्षा के नियामक संगठन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित है, शैक्षिक अर्हता में विसंगतियां या अनिवार्य शैक्षिक प्रवेश योग्यता न धारण करने या किसी अभिलेख की कूट रचना की स्थित में नामांकन स्वतः निरस्त हो जाएगा। यदि सत्यापन की प्रकिया में ऐसा पाया जाता है कि संस्थान विशेष द्वारा योग्यता की विसंगतियों या कूट रचना में कोई सहयोग या समर्थन रहा है तो संस्था एवं छात्र–छात्राओं कें विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

Director
Hindustan College of
Science & Technology
FARAH (MATHURA)

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ, इस आशय से प्रेषित आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।
5. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

Director
Hindustan College of
Science & Technology
FARAH (MATHURA)

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–**226031**

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2021 / 9058 दिनांक 04 फरवरी, 2021

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

**विषय– शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवप्रवेशित / प्री–रजिस्ट्रेशन किये गये छात्र / छात्राओं के नामांकन प्रकिया के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक वि0वि0 के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2021 / 8964, दिनांक 18 जनवरी, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के संबन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र–2020–21 में काउंसलिंग तथा प्री–रजिस्ट्रेशन के माध्यम से निर्धारित तिथि तक नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के आनलाइन नामांकन फार्म अंतिम तिथि को 05.02.2021 से बढ़ाकर 15.02.2021 मध्य रात्रि 11.59 बजे तक विस्तारित किया गया है। तद्क्रम में शैक्षिक सत्र–2020–21 की नामांकन प्रकिया की तिथियों का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्रम संख्या | प्रक्रिया | तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन फार्म की अन्तिम तिथि | 15.02.2021 मध्य रात्रि 11.59 बजे |
| 2 | नामांकन फार्म का मूल प्रमाण पत्रों से सत्यापन की प्रारम्भ तिथि | 10.02.2021 |
| 3 | नामांकन फार्म का मूल प्रमाण पत्रों से सत्यापन की अन्तिम तिथि | 05.03.2021 |

तद्नुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, यू0पी0आई0डी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को आशय से प्रेषित आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।
5. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

Director
Hindustan College of
Science & Technology
FARAH (MATHURA)

डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड़, लखनऊ–226031

पत्रांकः–ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2019 / 2756 दिनांक 14 सितम्बर, 2019

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः–शैक्षिक सत्र 2019–20 में नवप्रवेशित प्री–रजिस्ट्रेशन किये गये छात्र / छात्राओं की नामांकन प्रक्रिया आरम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

- कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व प्रेषित परिपत्र संख्याः डा0ए0पी0जे0 अ0क0प्रा0वि0 / कुस0का0 / नामांकन / 2019 / 2318 दिनांक 14.08.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2019–20 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित प्री–रजिस्ट्रेशन किये गये छात्र / छात्राओं की नामांकन प्रक्रिया कालेज लॉगिन के माध्यम से विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 पोर्टल पर दिनांक 16.09.2019 से 26.09.2019 तक तथा दिनांक 27.09.2019 से 04.10.2019 तक नामांकन प्रक्रिया से संबंधित किसी प्रकार की समस्या / संशोधन की आवश्यकता होती है तो उपरोक्त तिथि के अन्तर्गत ही विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर (वांछित प्रमाण पत्रों सहित) कार्यालय अवधि में संस्थान के प्रतिनिधि द्वारा प्रकरणों के निराकरण हेतु कार्यवाही पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त के संबंध में सूचित करना है कि शैक्षिक सत्र 2019–20 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र / छात्राओं की विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क छात्र / छात्राओं द्वारा ही आन–लाइन पोर्टल के माध्यम से जमा किया जायेगा।

कृपया तद्नुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. वित्त अधिकारी,ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक,ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी,ई0आर0पी0,ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर,कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

Director
Hindustan College of
Science & Technology
FARAH (MATHURA)

# डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
## (पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
, सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड़, लखनऊ–226031


पत्रांकः–ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2018 / 12577 दिनांक 23 अक्टूबर, 2018

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम
प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0,
लखनऊ से सम्बद्ध,समस्त संस्थान।

विषयः सत्र 2018–19 की नामांकन प्रक्रिया आरम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2018–19 की नामांकन प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय के परिपत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2018 / 12332 दिनांक 08 अक्टूबर, 2018 से प्रारम्भ की गयी थी जो तकनीकी कारणों से सम्पन्न नही हो सकी, तकनीकी समस्या का निराकरण करते हुए दिनांक 24.10.2018 दिन बुधवार से प्रारम्भ हो रही है। नामांकन की यह प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट erp.aktu.ac.in पर ई0आर0पी0 मॉड्यूल के अन्तर्गत उपलब्ध इनरोलमेन्ट लिंक से सम्पन्न की जाएगी।

सम्बन्धित माड्यूल के माध्यम से आपके संस्थान को राज्य प्रवेश परीक्षा–2018 की काउंसलिंग से आवंटित छात्र / छात्राओं सहित आपके संस्थान में प्रबन्धकीय कोटे एवं काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त रह गयी सीट्स पर किए गये सीधे प्रवेश, जिनका आप द्वारा पूर्व ही प्री–रजिस्ट्रेशन कराया जा चुका है, का ही इन्रोलमेन्ट स्वीकार्य होगा। सम्भव है कि कश्मीर (पीएमएसएस), कश्मीरी विस्थापितों, अप्रवासी भारतीयों, मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा बाह्य प्रदेश के नामित अभ्यर्थियों की श्रेणी में संबंधित विभाग के आदेश के अन्तर्गत कुछ एक प्रवेश हुए हों। इन छात्रों के नामांकन के संदर्भ में सूचना प्रस्तुत करने का प्रारूप संलग्न कर प्रस्तुत है। उक्त प्रारूप को एक्सेल सीट एवं स्कैन कापी विश्वविद्यालय को एवं ई–मेल dyreg.upid@aktu.ac.in पर भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

नामांकन प्रक्रिया दिनांक 02.11.2018 दिन शुक्रवार को समाप्त हो जायेगी। अतः आपसे अनुरोध है कि आपके संस्थान में नामांकन का दायित्व देख रहे अधिकारी / कर्मचारी को निर्देशित कर दें कि वह नामांकन का कार्य उक्त निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें।

यहाँ विशेष रूप से यह उल्लेख करना है कि नामांकन के लिए अन्तिम पंजीकरण की इस प्रक्रिया में आप अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हों ले कि छात्र – छात्रा प्रवेश हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता जो प्रदेश शासन एवं प्राविधिक शिक्षा के नियामक संगठन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित है, शैक्षिक अर्हता में विसंगति या अनिवार्य शैक्षिक प्रवेश योग्यता न धारण करने या किसी भी अभिलेख की कूट रचना की स्थिति में अन्तिम नामांकन

Director
Hindustan College of
Science & Technology
FARAH (MATHURA)

स्वतः निरस्त हो जाएगा। यदि जाँच की प्रक्रिया में ऐसा पाया जाता है कि संस्थान विशेष द्वारा योग्यता की विसंगतियों या कूटरचना में कोई सहयोग या समर्थन रहा है तो संस्था के प्रति भी कार्यवाही की जाएगी।

नामांकन के अन्तिम पंजीकरण के उपरान्त वेबसाइट से नामांकन आवेदन का प्रिन्ट आउट लेकर मय समस्त वांछित संलग्नकों जिनमें मूल अभिलेख से इतर समस्त छायाप्रति संस्था प्रमुख या अधिष्ठाता शैक्षिक द्वारा सत्यापित हो, को विश्वविद्यालय में जमा करने के साथ मूल अभिलेखों से सत्यापित कराना होगा। नामांकन आवेदन को जमा करने की समय सारणी की सूचना अलग से जारी की जाएगी।

भवदीय,

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—
1.परीक्षा नियन्त्रक,ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2.उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0 विभाग, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4.स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

Director
Hindustan College of
Science & Technology
FARAH (MATHURA)